# 3. शब्द विचार

शब्द व्याकरण का महत्त्वपूर्ण अंग है। वर्णों के सही क्रम में जुड़ने से शब्द बनते हैं। अर्थवान शब्दों को ही व्याकरण में समाहित किया गया है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को पाठ पृष्ठ पर दिए गए चित्र दिखाकर शब्दों के बारे में समझाएँ।
- ❖ उन्हें शब्द की परिभाषा से अवगत करवाएँ।
- ❖ शब्द के सभी भेदों के बारे में बताएँ।
- ❖ बच्चों को विकारी और अविकारी शब्दों की परिभाषा समझाएँ। उन्हें उदाहरण सहित इनमें अंतर भी बताएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए गए एकार्थी, अनेकार्थी, समानार्थी तथा विलोम शब्द पढ़ाएँ। बच्चों से पाठ पृष्ठ पर दिए गए शब्दों के अलावा अन्य शब्द जानें।
- ❖ श्यामपट्ट पर शब्द लिखकर उनके समानार्थी या विलोम शब्द पूछें।
- ❖ यह सुनिश्चित कर लें कि उन्हें शब्द के बारे में सही से समझ आ गया है या नहीं।
- ❖ बच्चों से विभिन्न प्रकार के शब्दों का लिखित अभ्यास करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए गए अभ्यास को करवाएँ।